समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब चार सीमावर्ती राज्यों मे मॉक ड्रिल, भारत सतर्क मोड मे ।

Publisher Published on 28 May 2025



## ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मॉक ड्रिल की तैयारी, पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर बढ़ी सतर्कता ।

**नई दिल्ली, 28 मई 2025:** 22 अप्रैल को **जम्मू-कश्मीर के पहलगाम** में हुए आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारत ने **6-7 मई** की रात को '**ऑपरेशन सिंदूर**' चलाकर पाकिस्तान व **पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK)** में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। अब उसी कड़ी में भारत सरकार ने 29 मई 2025 को चार सीमावर्ती राज्यों—**जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान** और **गुजरात**—में **मॉक ड्रिल** आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**चारों राज्य पाकिस्तान से सटे, सुरक्षा एजेंसियां रहेगी मुस्तैद**
सरकार के निर्देशानुसार, ये **मॉक ड्रिल पाकिस्तान से सटी 3300 किमी लंबी सीमाओं** पर की जाएगी।

**जम्मू-कश्मीर मे LoC (नियंत्रण रेखा) पर**
जबकि **पंजाब, राजस्थान और गुजरात मे अंतरराष्ट्रीय सीमा (IB) पर मॉक अभ्यास** होगा।इन अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सतर्क करना, सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करना और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की रणनीति को परखना है।

**ऑपरेशन सिंदूर : आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई**
6-7 मई की रात को हुए **ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान भारत ने पाकिस्तान के भीतर और **पीओके क्षेत्र** में आतंक के ठिकानों को निशाना बनाया था। लगभग **25 मिनट तक चले इस सैन्य अभियान** में **9 आतंकी कैंप पूरी तरह तबाह** कर दिए गए थे।

खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में कई बड़े आतंकी मारे गए और पाकिस्तान के आतंक नेटवर्क को भारी नुकसान पहुंचा।

सूत्रों के मुताबिक, **भारत की सुरक्षा एजेंसियों के पास पाकिस्तान के अंदर 12 और आतंकी ठिकानों की पहचान** हो चुकी है, जिनके खिलाफ भविष्य में कार्रवाई की योजना तैयार की जा रही है।

### क्या कहती है केद्रं सरकार की रणनीति ?

भारत सरकार अब सुरक्षा दृष्टिकोण से कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहती। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह मॉक ड्रिल नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिक्रिया समय को मापने के लिए अहम कदम माना जा रहा है।

### जनता को किया जा रहा अलर्ट

**मॉक ड्रिल** के दौरान **सायरन, आवाजाही की सीमाएं, ट्रैफिक डायवर्जन, और सुरक्षा बलों की सक्रियता** देखी जा सकती है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं और किसी भी सूचना के लिए प्रशासन के संपर्क में रहें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.